# प्राचार्य का कार्यालय
# अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कालेज गया

## पुर्न निविदा सूचना

ज्ञापांक– 1661 दिनांक– 12/8/24

वितीय वर्ष 2024–2025 हेतु अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कालेज,गया के विभिन्न विभागों के लिये रसायन एवं ग्लासवेयर का क्रय हेतु निबंधित फर्म/निर्माता/आपूर्तिकर्त्ता/प्राधिकृत बिक्रेता से मोहरबन्द लिफाफे में सील्ड निविदा राष्ट्रीय समाचार में प्रथम प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के अन्दर केवल निबंधित/स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यावधि 10:00 पूर्वाह्न से संध्या 5:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विलम्ब से प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा दो तरह की होगी– (क)तकनीकी निविदा (ख) वितीय निविदा। दोनों निविदा अलग–अलग लिफाफे में सील्ड कर पुनः उसे बड़ें लिफाफे में सील्ड कर उस पर किस मद के लिए निविदा दिया जा रहा है, अंकित कर प्राचार्य, अनुगह नारायण मगध मेडिकल कालेज, गया को भेजना होगा। निविदा प्रिंटेड/कम्प्युटराईज होना चाहिए। काट–कूट एवं लिप लेपन वाले निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि को अवकाश की स्थिति में अगले कार्य दिवस तक निविदा प्राप्त किया जायगा। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि के अगले दिन निविदा क्रय समिति के द्वारा खोली जायेगी। उक्त तिथि को अवकाश की स्थिति में अगली कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता स्वयं या उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। जिसके लिये उन्हें अलग से सूचना नहीं दी जायेगी। बैठक में भाग नहीं लेने वाले निविदादाता के किसी भी प्रकार की कोई शिकायत पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदादाता को निविदा के साथ सत्यांकर राशि के रूप में रू0 50000/–(पचास हजार रूपये) मात्र का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट अथवा एन0 एस0 सी0 जो प्राचार्य, अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया के पदनाम से हो संलग्न करना अनिवार्य होगा। नियम एवं शर्त की प्रति एवं क्रय की जाने वाले रसायन एवं ग्लासवेयर की सूची निविदा प्रकाशन के पश्चात प्राचार्य कार्यालय, अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया में कार्यालय अवधि में 1000(एक हजार रूपये)मात्र का बैंक ड्राफ्ट मूल में प्राचार्य, अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया के पदनाम से प्लेज्ड हो जमा करने पर प्राप्त किया जा सकता है। जिसे लौटाया नहीं जायेगा। निविदा शुल्क जमा करने वाले का ही निविदा क्रय समिति के समक्ष रखा जायेगा। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए www.anmmc.ac.in पर देखें अथवा कार्यालय से कार्यावधि में सम्पर्क करें।

किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र गया व्यवहार न्यायालय, गया होगा।

12/8/24

प्राचार्य
अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया

12/8/2024

# प्राचार्य का कार्यालय
# अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कालेज गया

## पुनः निविदा सूचना

वितीय वर्ष 2024–2025 हेतु अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कालेज,गया के विभिन्न विभागों के लिये रसायन एवं ग्लासवेयर का क्रय हेतु निबंधित फर्म/निर्माता/आपूर्तिकर्त्ता/प्राधिकृत बिक्रेता से मोहरबन्द लिफाफे में सील्ड निविदा राष्ट्रीय समाचार में प्रथम प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के अन्दर केवल निबंधित/स्पीडपोस्ट के माध्यम से कार्यावधि 10:00 पूर्वाह्न से संध्या 5:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विलम्ब से प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।निविदा दो तरह की होगी। (क) तकनीकी निविदा (ख) वितीय निविदा । दोनों निविदा अलग–अलग लिफाफे में सील्ड कर पुनः उसे बड़ें लिफाफे में सील्ड कर उस पर किस मद के लिए निविदा दिया जा रहा है,अंकित कर प्राचार्य,अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कालेज,गया को भेजना होगा। निविदा प्रिटेंड/कम्प्युटराईज होना चाहिए। काट–कूट एवं लिप लेपन वाले निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि को अवकाश की स्थिति में अगले कार्य दिवस तक निविदा प्राप्त किया जायगा। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि के अगले दिन निविदा क्रय समिति के द्वारा खोली जायेगी। उक्त तिथि को अवकाश की स्थिति में अगली कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता स्वयं या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। जिसके लिये उन्हें अलग से सूचना नहीं दी जायेगी। बैठक में भाग नही लेने वाले निविदादाता के किसी भी प्रकार की कोई शिकायत पर विचार नहीं किया जायेगा। क्रय की जाने वाले रसायन एवं ग्लासवेयर की सूची निविदा प्रकाशन के पश्चात प्राचार्य कार्यालय, अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया में कार्यालय अवधि में 1000(एक हजार रुपये)मात्र का बैंक ड्राफ्ट मूल में प्राचार्य, अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया के पदनाम से प्लेज्ड हो जमा करने पर प्राप्त किया जा सकता है। जिसे लौटाया नहीं जायेगा। निविदा शुल्क जमा करने वाले का ही निविदा क्रय समिति के समक्ष रखा जायेगा। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए www.anmmc.ac.in पर देखें अथवा कार्यालय से सम्पर्क करें।

**निविदा शर्त्त**

(क). तकनीकी निविदा के साथ निविदादाताओं को निम्नलिखित कागजात संलग्न करना होगा।

1. फर्म/कम्पनी प्रोपराईटर/पार्टनर का नाम, पूरा पता, फोन नम्बर, ईमेल आई0 डी0 एवं आधार कार्ड।
2. फर्म को जी0एस0टी0 के निबंधन प्रमाण पत्र की स्पष्ट छायाप्रति ।
3. पैन कार्ड की छाया प्रति एवं विगत तीन वर्षो का आयकर रिर्टन की छायाप्रति।
4. निविदादाता को इस आशय का घोषणा पत्र मुल में संलग्न करना होगा कि वितीय निविदा में अंकित दर केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य के अर्न्तगत है एवं अधिक नहीं है।
5. अग्रधन के रूप में 50000.00(पचास हजार)रू0 मात्र का सरकारी बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट प्राचार्य अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया के पदनाम से भुगतेय संलग्न करना होगा। अग्रधन की राशि दर अनुमोदित होने पर एक वर्ष की समाप्ति के पश्चात् वापस कर दिया जायेगा।
6. निविदादाता को काली सूची में दर्ज नही रहने का प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट द्वारा शपथ पत्र मूल में संलग्न करना होगा।
7. रसायन एवं ग्लासवेयर सामग्री का दर बाजार दर से कम अंकित करना होगा। आपूर्तिकर्ता इस शर्त के आलोक में ही निविदा में दर अंकित करेगें। साथ ही इस आशय का घोषणा पत्र मूल में निविदा के साथ संलग्न करेगें कि निविदा में अंकित रसायन एवं ग्लासवेयर का दर बाजार दर से कम अंकित किया गया है यदि भविष्य में दर शर्त के अनुसार नहीं पाया जाता है जो उसकी वसूली आपूर्तिकर्ता से किसी भी समय की जाएगी।

9. निविदादाताओं को चरित्र प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करना होगा एवं तकनिकी निविदा खोलने के समय मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
10. निविदादाता का विगत तीन वर्षो का टर्न ओभर की विवरणी।

11.रसायन एवं ग्लासवेयर का मेक, गुणवता(आइ.एस.आइ./आई.एस.ओ.)से संबंधित कागजात संलग्न करना होगा।

12 विगत अठारह महिनो का किसी सरकारी कार्यालय में रसायन एवं ग्लासवेयर के आपूर्ति करने का आदेश की प्रति संलग्न करना होगा।

13. सभी संलग्न कागजातों को स्वअभिप्रमाणित करना अनिवार्य होगा।

**(ख) वितीय निविदा –**

01. वितीय निविदा में सामानों का दर टैक्स रहित होना चाहिए एवं उस पर निर्धारित सभी प्रकार का देय टैक्स जोडकर अलग से टंकित होना चाहिए ।

02 वितीय निविदा में सभी सामानों का दर अंकित करना अनिवार्य होगा। जिन निविदादाताओं का वितीय निविदा में सभी समानों का दर अंकित नहीं रहने पर उनके वितीय निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

03 वितीय निविदा में सभी सामानों का दर प्रकाशित सूचि के कमानुसार होना चाहिए। दर प्रकाशित सूचि के कमानुसार नहीं पाये जाने पर वितीय निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

**अन्य शर्त्ते**

1. रसायन एवं ग्लासवेयर को केंद्रीय भंडार मे सुरक्षित पहुँचाने की जिम्मेवारी आपूर्तिकर्ता की होगी।
2. जिस फर्म का तकनीकी निविदा विहित शर्तो के अधीन पायी जायेगी, उन्हीं के वितीय निविदा कय समिति के समक्ष खोली जायेगी।
3. तकनिकी एवं वितीय निविदा में सामानों के नाम के सामने सामानों का मेक स्पष्ट रुप से अंकित होना चाहिए। मेक स्पष्ट रुप से अंकित नहीं पाये जाने के फलस्वरुप निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
4. निविदा दर अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रकाशित सूची के कमानुसार होनी चाहिए। दर प्रकाशित सूचि के कमानुसार नहीं पाये जाने पर वितीय निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। भविष्य में मूल्य के विरोधाभाष के लिए निर्माता/आपूर्तिकर्ता स्वयं जिम्मेवार होगें।
5. कय समिति का निर्णय अंतिम होगा। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये किसी/सभी निविदा को अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।
6. आदेशित रसायन एवं ग्लासवेयर की आपूर्ति निर्धारित अवधि में नहीं करने पर संबंधित प्रतिष्ठान/निविदादाता की अग्रधन राशि जब्त कर ली जायेगी एवं काली सूची में डाल दी जायेगी।
7. अग्रिम राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा।
8. निविदा के सभी पृष्ठो को पृष्ठांकित करते हुए विस्तृत उल्लेख अग्रसारण पत्र पर आवश्यक रूप से अंकित करना होगा।
9. विपत्र का भुगतान नियम स्रोत पर इनकम टैक्स आदि कटौती करने के बाद किया जाएगा एवं विलंब के लिए अलग से कोई शुल्क नहीं दिया जायेगा।
10. भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा निर्धारित जी0एस0टी0 के नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।
11. आवंटन/राशि के उपलब्धता के आधार पर भुगतान की प्रकिया की जायेगी।
12. किसी तरह के विवाद का न्यायिक क्षेत्र गया व्यवहार न्यायालय, गया में होगा।

12/8/24

प्राचार्य

अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कालेज, गया

12/8/2024